**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**01.06.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे**

**शिमला ग्रीष्मोत्सव**

शिमला का अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव आज  से शुरू हो रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ग्रीष्मोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करेंगे। शिमला ग्रीष्मोत्सव का आयोजन ड्राइव अगेंस्ट ड्रग्स और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की थीम पर किया जा रहा है। 5 जून तक चलने वाले ग्रीष्मोत्सव में हिमाचली कलाकारों के अलावा पंजाबी, हिंदी पार्श्व गायक लोगों का खूब मनोरंजन करेंगे।

***5 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय समर फैस्टिवल का आज आगाज होगा जिसकी पहली सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ  राज्यपाल शिव प्रताव शुक्ल द्वारा सांय 8 बजे किया जायेगा।  ग्रीष्मोत्सव के पहले दिन स्कूलों के छात्र व स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रसिद्ध पार्श्व गायिका निधि रस्तोगी सांस्कृतिक संध्या की मुख्य आकर्षण होगी।   उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला से 3 राज्यों के सांस्कृतिक दल भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे जिसमें हरियाणा, पंजाब और जम्मू कश्मीर राज्य के दल शामिल रहेंगे।  शिमला ग्रीष्मोत्सव का आयोजन ड्राइव अगेंस्ट ड्रग्स और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की थीम पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पुलिस रिपोर्टिंग रूम के सामने 4 बजे महानाटी का आयोजन भी किया जायेगा। 5 जून तक चलने वाले ग्रीष्मोत्सव में हिमाचली कलाकारों के अलावा पंजाबी, हिंदी पार्श्व गायक लोगों का खूब मनोरंजन करेंगे।***

इस बीच राज्य परिवहन निगम द्वारा लोगों की सुविधा के लिए ग्रीष्मोत्सव के दौरान शिमला शहर में रात 11 बजे तक बसें चलाई जाएंगी।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कल से 3 दिवसीय हमीरपुर व कांगड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास योजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास करेंगें । मुख्यमंत्री कल हमीरपुर के पॉलीटेक्निक कॉलेज बड़ू में संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। बाद दोपहर मुख्यमंत्री ज्वालामुखी में पुलिस चौकी का उदघाटन और अग्निशमन केन्द्र की आधारशिला रखेंगे। वे यहां जनशिकायत की सुनवाई भी करेंगे।

विश्व दुग्ध दिवस

आज विश्व दुग्ध दिवस है। यह दिवस आजीविका के प्रमुख स्रोत के रूप में दूध के महत्व को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है। वैश्विक स्तर पर, दूध उत्पादन प्रति वर्ष दो प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, लेकिन भारत में इसकी वृद्धि दर पांच दशमलव सात प्रतिशत है। आज दुनिया का एक–चौथाई दूध उत्पादन भारत में होता है। देश में सबसे अधिक दूध उत्पादन गुजरात में होता है।

## प्रतिनिधिमंडल

सांसदों का सर्वदलीय शिष्टेमंडल आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की सख्त  नीति का संदेश विश्व को लगातार दे रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी– शरद पवार गुट की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने इथियोपिया में सांसदों, गणमान्य व्यक्तियों और अफ्रीकी संघ आयोग के सदस्यों के साथ बातचीत की। प्रतिनिधिमंडल ने सीमा–पार आतंकवाद के खतरे और भारत में साम्प्रदायिक सौहार्द को ठेस पहुंचाने के पाकिस्तान के प्रयासों की जानकारी दी। शिष्टमंडल ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद का मुकाबला करने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इथियोपिया ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी अपनी सख़्त नीति को दोहराते हुए पहलगाम हमले की निंदा की।

उधर, भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक अन्य शिष्टामंडल फ्रांस, इटली और डेनमार्क के बाद लंदन पहुंच गया है।

## प्रतिबंध

प्रदेश में आज से पानी की छोटी प्लास्टिक बोतलों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके तहत पॉलिथिन टेरेफ्थैलेट–पी.ई.टी. विशेषता वाली 5 सौ मिलीलीटर तक की पानी की बोतलों का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा।  ये आदेश राज्य में आज से प्रभावी हो गए हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति अब इन बोतलों का प्रयोग करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाही की जायेगी। आदेशों को उल्लघंन करने वालों के खिलाफ 5 सौ से 10 हजार रूपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## दौरा

भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद के नेतृत्व में एक दल ने कल किन्नौर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के दुर्गम क्षेत्र नाको व टशीगंग मतदान केंद्र का दौरा कर  व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान के दौरान निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव करवाने के लिए संबंधित बूथ स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए।  उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पिछले 100 दिनों में आरम्भ की गई 100 नई पहल से भी अधिकारियों को अवगत करवाया।

**दुर्घटना**

कुल्लू जिले के मणिकर्ण के सुमारोपा में एक पेड़ गिरने से दो पर्यटक महिलाओं की मृत्यु हो गई। महिलाओं की पहचान अविनाश कौर व निशु वर्मा लुधियाना के रूप में की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल अंधड के कारण पेड टूटने से ये महिलाएं इसकी चपेट में आ गईं। कुल्लू के उपायुक्त. तोरूल एस. रविश ने एस.डी.एम. के नेतृत्व में वन विभाग की टीम गठित कर गिरने वाले पेड़ों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा रहा सके।

**प्राकृतिक हल्दी**

चम्बा जिला में प्राकृतिक हल्दी की खेती से किसानों की आर्थकी मजबूत हो रही है। जिला के उपमंडल चुवाड़ी में प्राकृतिक खेती से तैयार 12 क्विंटल हल्दी खरीदी गई है आत्मा परियोजना चम्बा की उप परियोजना निदेशक महिमा ने बताया कि किसानों से खरीदी गई हल्दी के लिए प्रदेश सरकार की ओर से उन्हें 90 रूपए प्रति किलो की दर से समर्थन मूल्य दिया जा रहा है।

***वहीं हमने पांच किसानों से 12 क्विंटल हल्दी की खरीद की है। ये सरकार की न्यूतम समर्थन मूल्य देने की जो पहल है उससे किसानों में जो उत्साह है। और किसान खुश हैं कि उनके उत्पाद को एक खरीद को केंद्र मिला है। अब हम अगले हफ्ते से गेंहू की खरीद करेंगे।***